हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, रविवार 29 जून 2025

तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

14 गोलावण्ड में लगा धरती आबा जनजातीय...



15 महिलाओं की सुरक्षा के लिए मबावि व पुलिस ने ...





## खबर संक्षेप



### स्वास्थ्य केन्द्र से डॉक्टर नदारद

**जगदलपुर।** बस्तर जिले के बास्तानार स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का एसडीएम शंकर लाल सिन्हा ने शुक्रवार की रात लगभग 12 बजे निरीक्षण किया। उस समय केन्द्र में ड्यूटीरत डॉक्टर नदारद रहने से एसडीएम ने नाराजगी व्यक्त की और बीएमओ को फोन किया तो पता चला कि बीएमओ प्रशिक्षण में रायपुर गए हैं। एसडीएम ने फोन करवाया तो ड्यूटीरत डॉक्टर पहुंचे। एसडीएम ने इसकी जानकारी सीएमएचओ को दी है।

### मेन लाइन में मेंटनेंस होने के चलते दिन भर बंद रही बिजली



**जगदलपुर।** विद्युत कंपनी के जगदलपुर जोन में शनिवार को बिजली तार से सटे वृक्षों के डंगाल की कटिंग, लाईन का काम मेंटनेंस दिन भर किया गया, जिससे बिजली बंद होने से उपभोक्ता परेशान रहे। वहीं शहरी कार्यपालन अभियंता एचके ध्रुव के निर्देश एवं सहायक अभियंता निरंजन सिंह कंवर, कनिष्ठ अभियंता डीसी मांझी, चिराग साहू के नेतृत्व में दो दर्जन कर्मचारी जुटे रहे। शाम को बिजली बहाल होने से उपभोक्ताओं ने राहत की सांस ली। बताया जा रहा है कि पुराना ज्योति टाकीज रोड, राजमहल परिसर के पीछे, मस्जिद, बगीचा पारा, मुक्तिधाम, पुराना पुल, कोहकापाल, राजा मठ पारा, लकड़ी डिपो, चांदनी चौक तक, चांदनी चौक, महारानी वार्ड, कोतवाली, पुलिस पेट्रोल पंप क्षेत्र में सुबह 10 बजे से 5.30 बजे तक बिजली बंद रही।

### ईडी ने नक्सल प्रभावित क्षेत्र के उपकेन्द्रों का किया निरीक्षण



**जगदलपुर।** विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक टीके मेश्राम ने सुकमा जिले के तोंगपाल, छिंदगढ़, सुकमा एवं कोंटा के उपकेन्द्रों का निरीक्षण किया। ईडी के साथ अधीक्षण अभियंता एनके पोयाम भी रहे। ईडी ने क्षेत्र के कार्यपालन अभियंता, सहायक एवं कनिष्ठ अभियंता को निर्देश दिया कि उपभोक्ताओं को बेहतर बिजली सेवा दें। बिजली बंद होने की शिकायत पर हर संभव बिजली बहाल करने का प्रयास करें।

# जिले के 250 वाहनों पर 5 करोड़ का टैक्स बकाया, मालिकों का ध्यान नहीं

## आरटीओ की टीम ने बकायादार 7 वाहनों से 12 लाख रूपए का वसूला टैक्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर संभाग में पहली बार परिवहन विभाग वाहनों पर टैक्स बकाया के लिए कुर्की की तैयारी कर रही है। इसके लिए मालिकों के वाहनों एवं चल, अचल संपत्ति ब्यौरा ले रहे हैं। परिवहन विभाग के आरटीओ एवं उड़नदस्ता प्रभारी की टीम बस्तर के 250 वाहनों पर 5 करोड़ रूपए का टैक्स बकाया वसूली में जुटे हैं। इस दौरान आरटीओ की टीम ने बकायादार 7 वाहनों से लगभग 12 लाख रूपए का टैक्स वसूला। इसकी वसूली के लिए आरटीओ ने बकायादार वाहन मालिकों को नोटिस देकर बकाया का भुगतान करने को कहा गया। भुगतान नहीं देने पर दूसरी नोटिस दी जाएगी, उसके बाद तीसरी बार नोटिस के साथ वाहन की कुर्की की जाएगी। जिस टैक्स बकाया वाले वाहन नहीं मिलने पर मालिक की दूसरी वाहन या संपत्ति की कुर्की की जाएगी। आरटीओ बकायादार मालिकों की वाहन एवं राजस्व विभाग से चल, अचल संपत्ति का जानकारी ले रहे हैं।

बकायादार वाहन के मालिकों का चल अचल संपत्ति का ले रहे ब्यौरा



### बकाया का करें भुगतान

संयुक्त कलेक्टर एवं क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे ने बताया कि टैक्स बकाया वाले वाहन के मालिकों पर कुर्की की कार्रवाई की जाएगी। इसलिए बकायादार वाहन के मालिक शीघ्र ही बकाया का भुगतान करें।

## समर्पित नक्सलियों में 1 लाख से 8 लाख रुपए तक के इनामी, प्रदान की गई 50-50 हजार प्रोत्साहन राशि

# 23 लाख के इनामी 13 हार्डकोर नक्सलियों ने किया समर्पण

कंपनी नम्बर 2 की पार्टी सदस्या व धमतरी गरियाबंद नुआपाड़ डिविजन के एसीएम ने भी किया समर्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

पश्चिम बस्तर डिविजन के कंपनी नम्बर दो की मेंबर व धमतरी-गरियाबंद-नुआवाड़ा डिविजन के एसीएम, केएएमएस अध्यक्ष, एलओएस सदस्य, एओबी डिवीजन के पीएलजीए सदस्य, मिलिशिया प्लाटून सदस्य समेत 23 लाख रुपए के ईनामी 13 माओवादियों ने डीआईजी सीआरपीएफ बीएस नेगी व एसपी बीजापुर डॉ जितेन्द्र कुमार यादव व अन्य अधिकारियों के समक्ष समर्पण कर मुख्यधारा में शामिल हुए।

एसपी ने बताया कि छग शासन की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति के व्यापक प्रचार प्रसार से संगठन के विचारों से मोहभंग और मिली निराशा एवं संगठन के भीतर बढ़ते आंतरिक मतभेद व समाज की मुख्यधारा से जुड़कर सुरक्षित पारिवारिक जीवन जीने की चाह के चलते 13 नक्सलियों ने समर्पण किया है। जनवरी 2025 से अब तक माओवादी घटना में शामिल 270 माओवादी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। वहीं 241 माओवादियो ने आत्मसमर्पण तथा जिले में अलग-अलग मुठभेड़ में कुल 126 माओवादी मारे जा चुके हैं। समर्पण कर समाज की मुख्यधारा में जुड़ने वाले सभी माओवादियों को प्रोत्साहन स्वरूप 50-50 हजार रुपए का चेक दिया गया।



### समर्पित नक्सलियों में हैं शामिल

समर्पण करने वाले नक्सलियों पर 23 लाख का ईनाम घोषित था इनमें 8 लाख की ईनामी कम्पनी नम्बर दो की मेंबर देवे मुचाकी ऊर्फ प्रमिला व 5 लाख का ईनामी धमतरी-गरियाबंद-नुआपाड़ डिविजन का एसीएम कोसा ओयाम ऊर्फ राजेन्द्र ऊर्फ महेश ऊर्फ महेश सागर ऊर्फ रमेश के अलावा 2 लाख की ईनामी कोसी पोड़ियाम, 1 लाख की ईनामी सम्मी सेमला, छोटू परसीक ऊर्फ दीपक, मोती ताती, सुनिता हेमला, मंजुला कुंजाम, सायबो पोड़ियम, हुंगी उण्डम ऊर्फ राधा, मंगा मड़कम ऊर्फ मंगेश, बुधराम कोडमे ऊर्फ राजू व जमली कोडमे ऊर्फ हिडमे शामिल हैं।

# सांसद ने अधिकारियों को बैठक में दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सांसद महेश कश्यप ने कहा कि शिक्षा सत्र में स्कूल भवनों, शौचालय में रनिंग वॉटर की व्यवस्था को प्राथमिकता से पूरा किया जाए, इसके साथ ही आश्रम- छात्रावासों में साफ़ सफाई की व्यवस्था, पेयजल की सुविधा और बच्चों को लगातार स्वास्थ्य जांच किया जाना सुनिश्चित करें। सांसद की उपस्थिति में शनिवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आयोजित किया गया । सांसद ने कहा कि जिले में जल जीवन मिशन योजना के तहत स्थापित की जा रही टंकी, पाइप लाइन और बोर खनन के कार्य को गुणवत्ता के साथ ही जल्द पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि जिले अस्पतालों में चिकित्सक और नर्सिंग स्टाफ हमेशा उपलब्ध रहें ताकि मरीज़ों को तत्काल चिकित्सा सुविधा मिल सके। साथ ही महारानी और मेडिकल ▶▶| शेष पेज 14 पर

- शिक्षा सत्र में स्कूल भवनों, शौचालय में रनिंग वॉटर की व्यवस्था को प्राथमिकता से किया जाए पूरा : कश्यप



## सीआरपीएफ 195 बटालियन ने किया जनसम्पर्क और जरुरतमंदों को किया सामग्री वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

नक्सल मोर्चे में तैनात 195 बटालियन सीआरपीएफ ने गीदम ब्लॉक के ग्राम पंचायत छिंदनार में सिविक एक्शन के तहत कार्यक्रम रखा। जिसमें छिंदनार, चेरपाल, मुस्तलनार, तुमरीगुंडा, पाहुरनार, एवं छोटे करका सहित अन्य गांवों के बड़ी संख्या में पुरुष महिला एवं बच्चे सम्मिलित हुए।

जिसमें छिंदनार स्थित 195 बटालियन के सुभाष चन्द्रा द्वितीय कमान अधिकारी के आदेशानुसार में व लेक्काला वेंकटाकृष्णैया सहायक कमांडेंट के नेतृत्व में ग्रामीणों को जागरूक कर जरूरत का सामान व रेडियो सेट का वितरण किया एवं ग्रामीण को बारिश के दिनों में स्वस्थ रहने के तौर तरीकों से अवगत कराया। साथ ही देश और क्षेत्रों के विकास पर भी रुबरु कराते हुए भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे लाभान्वित योजनाओं की जानकारी के साथ प्रदेश सरकार द्वारा समाज के मुख्यधारा से भटके हुए युवाओं को हिंसा छोड़ शांति और विकास के रास्ते पर चलने के लिए ग्रामीणों को अवगत कराया गया। सिविक एक्शन प्रोग्राम में स्थानीय ग्रामीणों की भागीदारी सहरानीय रही ग्रामीणों ने मौके पर उपस्थित सीआरपीएफ के अधिकारियों एवं जवानों की सहरानीय की। इस अवसर पर नवीन कुमार सहायक कमांडेंट सहित छिंदनार स्थिति 195 बटालियन के सभी जवान भी उपस्थित रहे।

## पूर्णिमा को मिला बुद्ध इंटरनेशनल आइकॉन एक्सीलेंट एजुकेशन अचीवर्स अवॉर्ड



**जगदलपुर।** साउथ एशियन एलियांस फॉर डेवलपमेंट इनीशिएटिव कार्यक्रम के तहत लुंबिनी बौद्ध विश्वविद्यालय, लुंबिनी (नेपाल) ,आध्यात्मिक विश्वविद्यालय ,पिथौरागढ़ उत्तराखंड ,इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ के संयुक्त तत्वावधान में लुंबिनी (नेपाल) में जगदलपुर की साहित्यकार एवं व्याख्याता पूर्णिमा सरोज को उनके सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं शिक्षा के क्षेत्र में दिए गए विशेष योगदान के लिए बुद्ध इंटरनेशनल आइकॉन एजुकेशन अचीवर्स अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

## 20 परिवार ने सुनी सत्यनारायण की कथा

# प्रभु जगन्नाथ स्वामी को प्रथम अमनिया भोग का किया अर्पण

प्रभु जगन्नाथ के दर्शन करने जनकपुरी में लगा श्रद्धालुओं का तांता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर गोंचा पर्व में सिरहासार स्थित जनकपुरी गुंडिचा मंदिर में श्री जगन्नाथ स्वामी के पुण्य दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रृद्धालू पंहुच रहे हैं। जनकपुरी में भगवान श्रीजगन्नाथ स्वामी के विराजने के बाद शनिवार को प्रथम अमनिया भोग का अर्पण ग्राम तालूर, बारदा, करंजी, करमरी, किंजोली, बस्तर, गुफनी, भाटपाल, इच्छापुर, रेटावंड, बोदागुड़ा, चोलनार, करहाभाटा, मटनार, मंगनार, बकावण्ड, कौवड़ावण्ड, कोलावल, पाहुरबेल, मईलबेड़ा, करपावण्ड सहित 21 ग्रामों के 360 घर आरण्यक ब्राह्मण समाज के ब्राह्मणों द्वारा रियासत कालीन परंपरानुसार अर्पित किया गया। आज भगवान जगन्नाथ को अमनिया भोग के अर्पण के बाद हजारों श्रृद्धालुओं ने श्री जगन्नाथ के भात का प्रसाद ग्रहण किया। पहले दिन 20 परिवार के श्रद्धालुओं ने गुंडिचा मंदिर में श्री जगन्नाथ स्वामी के समक्ष सत्यनारायण कथा का श्रृवण किया। 360 घर आरण्यक ब्राह्मण समाज के ▶▶| शेष पेज 14 पर



### कल से अखण्ड रामायण पाठ व धार्मिक आयोजन

*360 घर आरण्यक ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष वेद प्रकाश पांडे ने बताया कि बस्तर गोंचा महापर्व के नियत कार्यक्रम के अनुसार प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी गुंडिचा मंदिर सिरहासार भवन में 30 जून को अंखड रामायण पाठ का शुभारंभ होगा, इसी प्रकार इसके उपरांत एक जुलाई को हेरापंचमी पूजाविधान में माता महालक्ष्मी की डोली नगर भ्रमण कर गुंडिचा मंदिर में लक्ष्मी-नारायण संवाद पूजा विधान संपन्न किया जावेगा। 2 जुलाई छप्पन भोग अर्पण किया जायेगा, सभी श्रृद्धालु इस पावन पुण्य अवसर पर पुण्य-लाभ प्राप्त करने के लिए सादर आमंत्रित हैं।*



# माकड़ी में नवप्रवेशी बच्चों के स्वागत के लिए हुआ जोन स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव

**कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देश पर शिक्षा विभाग ने बच्चों को स्कूल से जोड़ने का अभियान तेज किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

नया शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होते ही विकासखंड माकड़ी के विभिन्न विद्यालयों में नवप्रवेशी विद्यार्थियों के स्वागत के लिए ज़ोन स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन बड़े ही धूमधाम से किया गया। कलेक्टर जिला कोंडागांव एवं जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देशन में 6 से 14 वर्ष आयु वर्ग के सभी बच्चों को स्कूल से जोड़ने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

दिनांक 26 जून को विकासखंड माकड़ी के अंतर्गत प्राथमिक शाला माकड़ी में ज़ोन स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विकासखण्ड के सभी विद्यालयों से शिक्षक–शिक्षिकाएं, नवप्रवेशी बच्चे, पालकगण एवं जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनपद उपाध्यक्ष नरेन्द्र मुदल, विशिष्ट अतिथि रूपमें सरपंच श्रीमती मांडवी, तुका राम, ललित नाग, शिक्षक संकुल समन्वयक, संकुल प्रभारी, पालक समिति के सदस्य एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। साथ ही विद्यालय प्रवेश लेने वाले बच्चों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें, गणवेश, बैग, जूते–मोजे एवं छात्रवृत्ति का वितरण किया गया। शिक्षकों एवं विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ भी दी गईं।



### बच्चों को स्कूल भेजने में कोताही न करें

कार्यक्रम के दौरान शिक्षा विभाग के अधिकारियों एवं पालकों द्वारा बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया गया। जनप्रतिनिधियों ने भी पालकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को स्कूल भेजने में कोई कोताही न करें। कार्यक्रम की सफलता में संकुल समन्वयक माकड़ी एवं शिक्षक–शिक्षिकाओं की सराहनीय भूमिका रही।

## खबर संक्षेप

### केसकाल में अतिशेष शिक्षकों की नियुक्ति में विसंगतियां

**केसकाल।** एक ओर अतिशेष शिक्षको की कौशलिग पहले जिला मे फिर संभाग मे उसके बाद राज्य मे 12,13 मार्च को हुई कौशलिग राजधानी मे हो गयी। परिणाम जिनको बस्तर संभाग मे जगह नही मिली उनको दुसरे संभाग मे जाना पड़ गया। जबकि बहुत सारे शिक्षको को बस्तर संभाग से अन्य जिले हुई। इसके बाद भी आज केशकाल विकासखंड के नगरीय निकाय के विद्यालय शा उ मा वि सुरडोंगर, शा क उ मा वि केशकाल व शा उ मा बालक विद्यालय केशकाल मे एक ही विषय हिन्दी के दो व्याख्याता कार्यरत है और वही दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्र मे संचालित विद्यालय मे सभी विषयो के एक एक व्याख्याता को रखा गया है। जबकि वहा भी 201 से 400 विद्यार्थी अध्ययनरत है। यह दोहरापन समझ से परे है। शासन को यह समझ नही आया कि यदि किसी संस्था मे भूगोल या अर्थ शास्त्र मे एक व्याख्याता भूगोल को अतिशेष बताकर भार मुक्त किया गया है तो वह दूसरी संस्था मे पहुँच कर भूगोल तो पढ़ा लेगा। लेकिन पहली संस्था मे भूगोल को बंद कर दिया जा रहा है, लेकिन उक्त विद्यालय मे जो बच्चे 11 वी मे भूगोल उस विषय शिक्षक से पढ चुके है उन्हें अब भूगोल कौन 12 वी मे पढायेगा, इसकी चिंता किसी को नही है। आखिर शासन युक्तियुक्तकरण करके शिक्षको का नहीं, बल्कि बच्चो के पढाई की गुणवत्ता समाप्त कर चुकी है।

### महिलाओं को किया गया ममता किट का वितरण



**कोण्डागांव।** बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोंडागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी एवं कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना ने आज जिला चिकित्सालय पहुंचकर स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग कक्ष का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने प्रसव पश्चात महिलाओं को नवजात शिशु के बेहतर देखभाल के लिए ममता किट का वितरण किया। उन्होंने कहा कि इलाज के लिए पहुंचे महिलाओं को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने वहां पानी की पर्याप्त व्यवस्था, वाटर हीटर और साफ सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए निर्देशित किया।

**शिविर में आयुष्मान कार्ड, बीज, पौधे, जाति प्रमाण पत्र व किसान क्रेडिट कार्ड का वितरण**

# गोलावण्ड में लगा धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान शिविर, वन मंत्री हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत आज कोंडागांव विकासखंड के ग्राम गोलावण्ड में एक शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए।

■ भगवान बिरसा मुंडा के नाम पर संचालित योजना से जनजातीय समाज को मिलेगी नई दिशा : केदार कश्यप

इस शिविर में गोलावण्ड, कारसिंग, कुसमा, कचोरा, इसलनार, चमई, हंगवा, तोतर, बोरगांव, झारा, पोलंग, खंडाम, खचगांव, बालासार, मड़ानार और नगरी गांव के ग्रामीणजन अपनी समस्याओं के साथ उपस्थित हुए।

वन मंत्री श्री कश्यप ने अपने संबोधन में कहा कि जनजातीय नायक भगवान बिरसा मुंडा के नाम पर शुरू किया गया यह अभियान केंद्र सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है। जिसका उद्देश्य जनजातीय ग्रामों में अंतिम व्यक्ति तक शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह अभियान जनजातीय समाज के कल्याण और गांवों की प्रगति में मील का पत्थर साबित हो रहा है। उन्होंने अधिकारियों को सभी के आयुष्मान कार्ड और बुजुर्गो के वय वंदना कार्ड बनाने, किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ दिलाने, तथा शिल्पकारों को प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना से जोड़ने के निर्देश दिए। पूर्व विधायक सेवकराम नेताम ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।



### लोगों को नशामुक्ति की दिलाई शपथ

शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 5 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड और 5 जन्म प्रमाण पत्र, कृषि विभाग द्वारा 5 हितग्राहियों को धान बीज, और सहकारिता विभाग द्वारा 6 किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड वितरित किए गए। शिक्षा विभाग द्वारा 6 विद्यार्थियों को जाति प्रमाण पत्र दिए गए, और वन विभाग ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत 300 ग्रामीणों को पौधे वितरित किए। कार्यक्रम के अंत में वन मंत्री ने सभी उपस्थित लोगों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य यशोदा कश्यप व रामदई नाग, जनपद पंचायत की अध्यक्ष अनिता कोर्राम, उपाध्यक्ष टोमेन्द्र सिंह ठाकुर, दीपेश अरोरा सहित जनपद सदस्यगण और सरपंचगण उपस्थित रहे।

# मानसून से पहले फरसगांव में बिजली लाइनों का मेंटनेस कार्य जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

बिजली विभाग के कर्मचारियों द्वारा हर वर्ष मानसून पूर्व बिजली लाइनों का मेंटेनेंस का काम किया जाता है ताकी बारिश के दिनों में बिजली सप्लाई की सप्लाई ठीक से होगी और लोगो को बिजली की समस्या न होगी। वहीं इस वर्ष भी फरसगांव बिजली विभाग के सहायक अनियंता पन्ना लाल अहिरवार के मार्गदर्शन और कनिष्ठ अभियंता कौशल साहू के नेतृत्व में बिजली विभाग के कर्मचारियो द्वारा मेंटेनेंस का कार्य किया जा रहा है। ताकि मानसून से पहले बिजली लाइन से बिजली सप्लाई में होने वाली परेसानी को दूर करने के लिए बिजली लाइनो का मेंटेन्स का कार्य किया जा रहा है ।

■ सहायक अभियंता पन्ना लाल अहिरवार और जेई कौशल साहू के नेतृत्व में चल रहा रखरखाव अभियान

जहां शनिवार को फरसगांव हाउन फीडर अंतर्गत फरसगांव, पासंगी एवं पतोडा में मेंटेन्स का कार्य किया गया। बिजली लाइनो के ऊपर आने वाले पेड़ो के डंगलियो को काटा जा रहा है, झुके हुए पोल को सीधा किया जा रहा है, तथा लूज तारों को तनाव दिया जा रहा है । ताकि बारिश के दिनों में ग्रामीणों को विद्युत की समस्या नही होगी और बार बार बिजली बंद न हो ।

# कोण्डागांव में हुई पीएम आवास योजना ग्रामीण की प्रगति की समीक्षा बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत आवास निर्माण कार्य की प्रगति को लेकर शुक्रवार को कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के निर्देशन पर कलेक्टर कार्यालय के सभा कक्ष में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

■ कलेक्टर एवं जिपं सीईओ ने निर्माण कार्य तीव्र गति से पूर्ण करने के निर्देश दिए

मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री भोई ने बैठक में कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत शेष आवासों का निर्माण कार्य तीव्र गति से पूर्ण किया जाए। साथ ही मनरेगा के तहत मजदूरी भुगतान एवं आवास की किश्तों का भुगतान समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए। इसके अतिरिक्त फील्ड विजिट कर कार्यो की भौतिक सत्यापन कम प्रगति वाले ग्राम पंचायत में नियमित रूप से भ्रमण किया जाना अनिवार्य बताया गया। बैठक में यह स्पष्ट किया गया कि कार्य में लापरवाही या अनुपस्थित पाए जाने की स्थिति में संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे पूर्ण समर्पण एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करें ताकि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जिले के सभी पात्र हितग्राही शीघ्र अपना पक्का मकान प्राप्त कर सकें।

### ये रहे उपस्थित

बैठक में सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के उप अभियंता, अनुविभागीय अधिकारी, मनरेगा के कार्यक्रम अधिकारी, विकासखण्ड समन्वयक आवास, तकनीकी सहायक एवं डाटा एंट्री ऑपरेटर उपस्थित रहे।

# फरसगांव में सुरक्षा कर्मी भर्ती के लिए लगा पंजीयन शिविर

**पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले के विभिन्न थानों में पंजीयन शिविर**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

युवाओं को सुरक्षा कर्मी भर्ती में शामिल होने का अवसर प्रदान किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार के निर्देश पर रक्षित केन्द्र के रक्षित निरीक्षक सहित थाना प्रभारियों को पंजीयन शिविर के आयोजन हेतु आवश्यक सहयोग प्रदान करने के निर्देश दिए हैं।

■ फरसगांव में 35 युवाओं का चयन, आगामी शिविरों की तिथियाँ जारी

एसआईएस द्वारा इसके लिए जिले के विभिन्न थानों में पंजीयन शिविर आयोजित किए जा रहा है । इसी कड़ी में फरसगांव थाना परिसर में शनिवार को पंजीयन शिविर आयोजित की गई । जिसमें आस पास क्षेत्र के युवाओं ने भाग लिया। जिसमें शारीरिक माप दंड के आधार पर कुल 35 युवाओं का चयन किया गया । यह पंजीयन शिविर जिले के सभी थानों में आयोजित किया जाएगा। जिसमें विश्रामपुरी थाना परिसर में 30 जून और 4 सितम्बर को, धनोरा थाना परिसर में 1 जुलाई और 5 सितम्बर को, माकड़ी थाना परिसर में 2 जुलाई और 6 सितम्बर को, कोण्डागांव थाना परिसर में 3 जुलाई और 8 सितम्बर को तथा रक्षित केन्द्र कोण्डगांव में 4 जुलाई और 9 सितम्बर को सुबह 10:30 बजे से शाम 5 बजे तक पंजीयन शिविर आयोजित किए जाएंगे।

# नारायणपुर जिला अस्पताल में डाक्टरों का विरोध प्रदर्शन जारी, प्रशासन पर बढ़ा दबाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

जिला अस्पताल में डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ और अन्य कर्मचारियों का विरोध प्रदर्शन आज तीसरे दिन भी जारी रहा, जिससे अस्पताल की बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी) की सभी सेवाएं पूर्ण रूप से ठप हो गईं। यह आंदोलन अतिरिक्त कलेक्टर बीरेन्द्र बहादुर पंचभाई के कथित दुर्व्यवहार और अपमानजनक आचरण के खिलाफ है। स्वास्थ्य कर्मियों ने साफ कहा है कि डॉ. जयश्री साहू समेत सभी चिकित्सकों से माफी और प्रशासनिक कार्रवाई के बिना विरोध खत्म नहीं होगा।

आज जिला कांग्रेस कमेटी का प्रतिनिधिमंडल अस्पताल पहुंचा और प्रदर्शनकारियों से मुलाकात कर समर्थन जताया। कांग्रेस ने प्रशासन पर दबाव बनाते हुए मांग की है कि तत्काल निष्पक्ष जांच शुरू हो, आरोपी अधिकारी को पद से हटाया जाए,



चिकित्सकों से सार्वजनिक माफी मांगी जाए और प्रशासनिक अधिकारियों को संवेदनशीलता प्रशिक्षण दिया जाए। कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि मांगें पूरी न होने पर जन आंदोलन हो सकता है। प्रदर्शन के कारण ओपीडी सेवाएं लगातार तीन दिन बंद रहने से सैकड़ों मरीज बिना इलाज के लौटे। इससे आम जनता में नाराज़गी फैल रही है। प्रदर्शनकारी सम्मान नहीं तो सेवा नहीं, डॉक्टरों का अपमान बर्दाश्त नहीं जैसे नारे लगा रहे हैं।

### सीआईडीए और एनएचएम कर्मचारी संघ ने दिया समर्थन

राज्यव्यापी आंदोलन की चेतावनी छत्तीसगढ़ इन-सर्विस डॉक्टर्स एसोसिएशन और छत्तीसगढ़ एनएचएम कर्मचारी संघ ने डॉक्टरों के आंदोलन का समर्थन करते हुए कहा कि चिकित्सकों का अपमान पूरे चिकित्सा समुदाय का अपमान है। उन्होंने कहा कि प्रशासन शीघ्र कार्यवाही न करने पर वे प्रदेशव्यापी आंदोलन करेंगे। दोनों संगठनों ने आरोपी अधिकारी के खिलाफ तुरंत जांच, पद हटाने और माफी की मांग की है।

### हड़ताल के बीच भी डॉक्टरों ने दी आपातकालीन सेवाएं

तीन दिन से जारी विरोध प्रदर्शन के बावजूद डॉक्टरों ने आपातकालीन मरीजों का समर्पित इलाज जारी रखा है। गंभीर बीमार मरीजों को प्राथमिक चिकित्सा उपलब्ध कराकर उनकी जान बचाई गई। डॉ. हिमांशु सिन्हा, डॉ. धनराज दरसेना सहित अस्पताल के स्टाफ ने एनीमिक महिला और गंभीर चोटों से ग्रस्त मरीज का सफल इलाज किया। यह दिखाता है कि डॉक्टरों का विरोध केवल सम्मान की रक्षा के लिए है, न कि मरीजों के प्रति उदासीनता के लिए।

**जागृति, डान, संवाद और आवाज उठाओ पीओएसएच अभियानों पर दिया विशेष प्रशिक्षण**

# नालसा अभियानों पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नालसा नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के संयुक्त तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कोण्डागांव द्वारा नालसा के प्रमुख अभियानों जागृति, डान, संवाद एवं आवाज उठाओ पीओएसएच के संबंध में एक दिवसीय कार्यशाला प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

■ न्यायाधीशों व अधिकारियों की रही सहभागिता

इस कार्यक्रम का मार्गदर्शन माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव, श्रीमती किरण चतुर्वेदी के नेतृत्व में किया गया। कार्यशाला में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विक्रम प्रताप चन्द्रा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती रेशमा बैरागी पटेल, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी शिवप्रकाश त्रिपाठी तथा सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्रीमती गायत्री साय की उपस्थिति रही।



### प्रत्येक अभियान की प्रमुख बातें

जागृति, सचिव गायत्री साय ने बताया कि यह इकाई कमजोर, आदिवासी और विमुक्त जनजातियों को निःशुल्क विधिक सहायता पहुंचाने का कार्य करती है। प्रचार–प्रसार के लिए बैनर, लाउडस्पीकर, ग्राम सभाएं, स्कूल कार्यक्रम आदि का उपयोग किया जाएगा। डान, यह इकाई नशीली दवाओं के दुष्परिणामों को लेकर जन–जागरूकता फैलाने का कार्य करती है। नशामुक्त समाज की दिशा में यह अभियान निर्णायक भूमिका निभाएगा। संवाद, जनजातीय बच्चों की शिक्षा और सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के लिए संवाद इकाई की भूमिका को रेखांकित किया गया। शिक्षा विभाग के सहयोग से अधिक जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। आवाज उठाओ पीओएसएच, इस अभियान के अंतर्गत कमजोर वगो्र को न्याय दिलाने, उनके अधिकारों की रक्षा करने तथा पीओएसएच महिला कार्यस्थल उत्पीड़न अधिनियम के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

### प्रशिक्षण का उद्देश्य योजनाओं की जानकारी और क्रियान्वयन पर बल

बैठक का मुख्य उद्धेश्य नालसा की योजनाओं के प्रति समिति के सदस्यों को प्रशिक्षित कर समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंचाना था। साथ ही योजनाओं के प्रभावी प्रचार–प्रसार एवं जमीनी क्रियान्वयन पर विस्तृत चर्चा की गई।

### ये रहे उपस्थित

प्रशिक्षण में नगर पालिका परिषद कोण्डागांव, पुलिस विभाग, जिला पंचायत, बाल संरक्षण विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पैनल अधिवक्ता सुरेन्द्र भट्ट, हेल्थ डिपार्टमेंट की सुनिता सरकार सहित अन्य विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, पैरालीगल वॉलिंटियर्स उपस्थित रहे।

### समापन में लिया गया सेवा का संकल्प

प्रशिक्षण के अंत में सभी उपस्थित सदस्यों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, समाज में विधिक जागरूकता फैलाने तथा हाशिए पर खड़े व्यक्तियों तक न्याय पहुंचाने का संकल्प दिलाया गया।

## पेज 13 के शेष

### सांसद ने अधिकारियों .....

अस्पताल से रेफर सिर्फ शासकीय अस्पतालों के लिए किया जाए। बैठक में विधायक चित्रकोट विनायक गोयल, जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप, नगर निगम के सभापति खेमचंद देवांगन सहित समिति के सदस्य जनपदों के अध्यक्ष, सरपंच और कलेक्टर हरिस एस, सीईओ जिला पंचायत प्रतीक जैन, सहायक कलेक्टर विपिन दुबे सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। विधायक ने कहा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के क्रियान्वयन में हुई लापरवाही की जाँच कर कार्रवाई की जाए। जनप्रतिनिधियों ने स्कूलों में बच्चों की क्षमता अधिक होने पर सीट बढ़ाने की बात कही और किसानों को समय से धान-मक्का का बीज वितरण करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने बीमा प्रकरणों का भी समय पर निराकरण करवाने पर जोर दिया । जनप्रतिनिधियों ने जल जीवन मिशन योजना के कार्य में विलंब के लिए संबंधित ठेकेदारों को नोटिस देकर कार्य को गुणवत्ता के साथ पूरा करवाने के लिए भी कहा ।

ग्राम पंचायतों में अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र : बैठक में अटल डिजिटल सुविधा केंद्र का तीसरा चरण के तहत 86 ग्राम पंचायत में शुभारंभ के तहत सांसद की उपस्थिति में प्रतीकात्मक रूप से धोबीगुड़ा, धनपूंजी, परपा और आमागुड़ा पंचायत के साथ एमओयू किया गया। जिले के 208 ग्राम पंचायतों में अटल डिजिटल सुविधा केंद्र स्थापित किया जा रहा है ।

### प्रभु जगन्नाथ स्वामी ....

वरिष्ठ सदस्य बनमाली पानीग्राही ने बताया कि गुंडिचा मंदिर सिरहासार भवन में श्री जगन्नाथ स्वामी को 4 जुलाई तक प्रतिदिन अमनिया भोग का अर्पण एवं सत्यनारायण कथा का श्रृवण करते हुए रियासत कालीन परंपरा का निर्वहन किया जायेगा। उन्होने बताया कि शताब्दियों पुरानी मान्यता अनुसार श्रीजगन्नाथ स्वामी, माता सुभद्रा व बलभद्र स्वामी के समक्ष गुंडिचा मंदिर सिरहासार भवन में सत्यनारायण कथा के श्रृवण का सर्वाधिक पुण्य लाभ प्राप्त होता है। इसके साथ ही मुण्डन, अन्नप्राशन व अन्य विविध अनुष्ठान का निर्वहन भी किया जाता है। गुंडिचा मंदिर-सिरहासार भवन में प्रतिदिन पूजा अर्चना के साथ ही रोजाना संध्या 7.30 बजे महाआरती के उपरांत बस्तर गोंचा मंच से तय कार्यक्रम के अनुसार भजन कीर्तन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया जायेगा। शनिवार को सुबह से ही श्रृद्धालुओं का जनकपुरी आना शुरू हो गया था। देर शाम तक श्रृद्धालुओं का आना जाना लगा रहा भक्त भगवान के दर्शन कर प्रसाद ग्रहण करते रहे।

## खबर संक्षेप

### वनों की रक्षा के लिए बैठक में हुई चर्चा



**घाटलोहंगा।** ग्राम पंचायत सांवरा में आज ग्राम वासियों द्वारा वनों की रक्षा हेतु बैठक रखा गया जहां वनों का महत्व के बारे में भी साझा किया गया। ग्राम पटेल मनिधर बघेल ने कहा कि हम बस्तर वासी हैं और पहले से ही बस्तर वासी प्रकृति पर निर्भर हमें वनों की रक्षा करना चाहिए और कई नए पौधों का रोपण करना चाहिए जंगल से ही हमें जीवन यापन हेतु कई सामग्री मिलते हैं। बैठक के साथ-साथ आज अपने सीमा में घूमा गया जहां देखा गया की ग्राम पंचायत सांवरा की सीमा कहां से कहां तक है। ग्राम पंचायत सांवरा की सरपंच आसमती बघेल, जनपद सदस्य मंगलदेई बघेल, पटेल मनिधर बघेल वरिष्ट गंगाराम कश्यप, कार्तिक कश्यप, शोभाराम कश्यप,सरादू बघेल, कमलोचन कश्यप एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### आयुष स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन



**बस्तर।** जिला आयुष अधिकारी जगदलपुर बस्तर के मार्ग दर्शन में रथ यात्रा के पवन अवसर पर आयुष्मान आरोग्य मंदिर शासकीय आयुर्वेद औषधालय सोनारपाल बस्तर के द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन चपका धाम में किया गया। जिसमे बस्तर जिला तथा कोंडागांव के भी दूर दराज गांवों से आए हुए थे। ग्रामीण जनों का स्वास्थ्य परीक्षण कर औषधियां एवं काढ़ा वितरण किया गया।इस अवसर पर ग्रामीणों के साथ चपका धाम राम सेवा समिति के अध्यक्ष शंकार दास कोमल दास, डॉ विनोद सिंह फार्मासिस्ट घनश्याम सीदार, अनुराधा सोनी ने अपनी सेवाए दी।

### ग्रामीणों को मिला योजनाओं का लाभ

**दंतेवाड़ा।** जिले के विकासखण्डों में आयोजित हो रहे धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान शिविरों के क्रम में विगत दिवस विकासखण्ड दन्तेवाड़ा के अन्तर्गत ग्राम पंचायत मेटापाल-1 में ग्रामीणों के लाभार्थ शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में ग्रामीणों द्वारा प्रस्तुत किए गए आवेदन के अन्तर्गत राजस्व विभाग के 19 आवेदन, आधार कार्ड के 47 आवेदन, श्रम पंजीयन के 3, आयुष्मान कार्ड के 3, कृषि विभाग के 10, पशुपालन विभाग के 7, तथा राशन कार्ड के 2 आवेदनों पर शिविर स्थल में ही प्रभावी कार्यवाही की गई। इसके अलावा शिविर में ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांच परीक्षण भी किया गया, जिससे उन्हें स्वास्थ्य सेवाओं की सीधी पहुंच मिल सकी। कार्यक्रम के दौरान जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के द्वारा ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी साझा की गई। साथ ही सभी विभागीय अधिकारियों ने बारी-बारी से अपने-अपने विभाग की योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि हितग्राही प्रक्रिया के तहत इन योजनाओं से लाभ ले सकते हैं।

## कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न पर जागरूकता कार्यशाला

# महिलाओं की सुरक्षा के लिए मबावि व पुलिस ने दी कानून की जानकारी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर**



महिलाओं के लिए सुरक्षित कार्य वातावरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बीजापुर जिले में कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, प्रतिषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 को लेकर एक महत्वपूर्ण जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की

■ **झूठी शिकायतों को भी दंडनीय अपराध माना गया**

अध्यक्षता कलेक्टर संबित मिश्रा ने की, जिसमें विभिन्न विभागों की महिला अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहीं।

बैठक में मुख्य रूप से डीएसपी विनीत साहू ने अधिनियम के प्रावधानों की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न के मामलों को गंभीरता से लिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न अधिनियम 2013 का उद्देश्य महिलाओं को एक ऐसा कार्य वातावरण प्रदान करना है, जहाँ वे सम्मान, गरिमा और सुरक्षा के साथ काम कर सकें।

अधिनियम के प्रमुख बिंदुओं की जानकारी दी गई। अधिनियम के अनुसार, किसी भी संस्था, कार्यालय में यदि 10 या उससे अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं तो आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी) का गठन अनिवार्य है। यह समिति शिकायत की जांच कर 90 दिनों के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करती है और प्रबंधन द्वारा 60 दिनों के भीतर उस पर कार्रवाई की जाती है। किसी भी महिला को यदि कार्यस्थल पर अशोभनीय टिप्पणियाँ, गलत इशारे, छेड़छाड़, धमकी, मानसिक दबाव या शारीरिक संपर्क जैसी स्थिति का सामना करना पड़ता है तो वह इस समिति में शिकायत दर्ज कर सकती है। झूठी शिकायतों को भी अधिनियम के तहत दंडनीय अपराध माना गया है, लेकिन इससे वास्तविक पीड़िताओं को डरना नहीं चाहिए। इस मौके पर जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग प्रीति खोखर चखियार ने बताया कि यह अधिनियम महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करता है और उन्हें सशक्त बनाता है कि वे कार्यस्थल पर अपने साथ हो रहे किसी भी प्रकार के दुर्व्यवहार के खिलाफ आवाज उठा सकें।

जिला बाल संरक्षण अधिकारी राहुल कौशिक, जिला समन्वयक शुचि शुक्ला तथा जिला महिला संरक्षण अधिकारी शीला भारद्वाज ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किए और कहा कि अधिनियम की जानकारी हर महिला को होनी चाहिए ताकि वे न केवल स्वयं को सुरक्षित रख सकें, बल्कि अपने आस-पास की महिलाओं को भी जागरूक कर सकें।

बैठक में सभी विभागों की महिला कर्मचारियों की सहभागिता रही, जिन्होंने अपने अनुभव साझा किए और कार्यस्थल पर सुरक्षित माहौल के लिए प्रशासन द्वारा की जा रही इस पहल की सराहना की। बैठक का उद्देश्य महिलाओं को अधिनियम की जानकारी देना ही नहीं था, बल्कि यह संदेश देना भी था कि प्रशासन महिलाओं के अधिकारों और सम्मान की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# प्राकृतिक खेती के प्रति जन-जागरूकता अभियान



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर**

प्राकृतिक खेती कर फसलों का रसायन मुक्त अधिक से अधिक उत्पादन करने हेतु भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्राकृतिक खेती मिशन अंतर्गत जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार व उपसंचालक कृषि के मार्गदर्शन में बीजापुर जिले के भैरमगढ़ विकासखंड के जैवारम, केसकुतुल, जांगला, नेलसनार, गुडसाकल,कोडोली, फूलगट्टा, कौशलनार, व मंगनार में चयनीत कृषकों व कृषि सखियों को तीन चरणों में प्रशिक्षित किया जाना है जिसके प्रथम चरण में 26 जून को ग्राम - केशकुतुल, व जैवारम में चयनित किसानो व कृषि सखियों तथा स्वसहायता समूह की महिलाओं को प्राकृतिक खेती में उपयोग करने हेतु प्राकृतिक खाद- जीवामृत, घनजीवामृत बीज उपचार हेतु- बिजामृत कीटनाशक- निमास्त्र, ब्रह्मास्त्र बनाने व उसके फसलों में उपयोग का तरीका बताया गया। उपरोक्त सभी प्राकृतिक खाद व प्राकृतिक कीटनाशक ग्रामीण परिवेश में मिलने वाले वनस्पति जैसे करंज के पत्ते, नीम के पत्ते, धतूरा के पत्ते, अमरूद के पत्ते, पपीते के पत्ते, आंक के पत्ते, देसी गाय के ताजा गोबर, गोमूत्र, पेड़ के नीचे की मिट्टी, बेसन, व गुड़ से बनाए जाने की जानकारी विस्तृत रूप में प्रत्यक्ष प्रदर्शन के माध्यम से बताया गया। उपरोक्त प्रशिक्षण में ग्राम के सरपंच व अन्य जनप्रतिनिधि गण तथा चयनित किसान, कृषि सखी कृषक मित्र,स्व सहायता समूह की महिलाएं तथा कृषि विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# कृषि विज्ञान केन्द्रों की कार्ययोजना के संबंध में हुई चर्चा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम**



प्राप्त सूत्रों के अनुसार कृषि विज्ञान केन्द्र, दंतेवाड़ा में विगत दिवस बस्तर, बीजापुर तथा सुकमा के कृषि विज्ञान केन्द्रों के अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया था। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य कृषि विज्ञान केन्द्रों द्वारा वर्ष भर किए गए कार्यों की समीक्षा करना तथा

■ **वर्ष 2024-25 की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई**

आगामी कार्ययोजना हेतु विभिन्न विभागों और हितधारकों से सुझाव प्राप्त करना था। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में कृषि महाविद्यालय जगदलपुर के डीन डॉ. आर एस नेताम मौजूद रहे एवं अध्यक्षता भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद एवं इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के वैज्ञानिक डॉ. एमएन हरीश एवं डॉ. डीपी पटेल द्वारा की गई।

बैठक के दौरान वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, कृषि विज्ञान केन्द्र, सुकमा सहित दंतेवाड़ा, बस्तर तथा बीजापुर केन्द्रों के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, द्वारा आगामी वर्ष 2025-26 प्रस्तावित गतिविधियों के साथ-साथ विगत वर्ष 2024-25 में किये गये कार्य योजनाओं के परिणाम तथा वार्षिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। रिपोर्ट में प्रक्षेत्र परीक्षण, अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन, प्रशिक्षण कार्यक्रम, विस्तार गतिविधियों एवं किसान जागरूकता अभियानों का विवरण साझा किया गया। साथ ही सभी सदस्यों ने जलवायु अनुकूल खेती, एकीकृत कृषि प्रणाली तथा जैविक खेती को बढ़ावा देने हेतु केंद्र के प्रयासों की सराहना की। बैठक में किसानों की आय वृद्धि, तकनीकी जानकारी के प्रभावी प्रसार एवं विभिन्न विभागों के साथ समन्वय को और अधिक मजबूत करने हेतु अनेक महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। उपरोक्त बैठक में उपसंचालक, कृषि विभाग, पीआर बघेल, कृषि विज्ञान केन्द्र, सुकमा के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, एचएस तोमर, पशुपालन विभाग से डॉ. टेकेश्वर कंवर व डॉ. भूपेन्द्र बघेल, मत्स्य पालन विभाग से रमेश टंडन सहित सभी वैज्ञानिक डॉ. परमानंद, डॉ. योगेश कुमार सिदार, डॉ. संजय सिंह राठौर, प्रक्षेत्र प्रबंधक मयूरी ठाकुर, टेक्नीकल स्टॉफ गुलशन वर्मा, परमेश सोरी, ज्योतिष कुमार तथा सुकमा जिले के प्रगतिशील कृषक ममता भारती, लच्छूराम, धरम नाग, सुक्खाराम नाग, महादेव मरकाम उपस्थित रहे।

# विवेकानंद नगर निगम विद्यालय के शिक्षकों को वापस लाया जाए

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर**

राज्य पेंशनर एवं कर्मचारी कल्याण संघ के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष शशिकांत सिंह गौतम ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि स्वामी विवेकानंद नगर निगम उच्चतर

■ **पेंशनर संघ ने कलेक्टर को ज्ञापन देकर मांग की**

माध्यमिक विद्यालय जगदलपुर में शिक्षकों की पदस्थापना के संबंध मे संघ नें कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। विद्यालय को आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल में परिवर्तित किया गया था उस समय विद्यालय में अध्यापनरत शिक्षकों को नगर की विभिन्न संस्थाओं में पदस्थ किया गया था जहाँ वे अतिशेष की श्रेणी में थे। शासन के स्पष्ट आदेश हैं कि पूर्व में संचालित विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों को अन्यत्र स्थानांतरित न किया जाय और विद्यालय को दो पालियों में चलाया जाए। इसके बावजूद शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने हिंदी माध्यम के विद्यालय को बंद कर दिया और शिक्षकों को अन्यत्र पदस्थ कर दिया गया। विद्यार्थियों को टी सी दे दी गई। संगठन की जानकारी अनुसार बहुत से बच्चों ने कहीं भी प्रवेश नहीं लिया और आज की स्थिति में शाला त्यागी हैं। उन्होने बताया कि उच्च न्यायालय बिलासपुर के निर्देश और शासन के आदेश से स्वामी विवेकानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को पुनः प्रारम्भ किया गया जिसकी मांग राज्य कर्मचारी संघ निरंतर कर रहा था। राज्य कर्मचारी संघ ने यह भी मांग किया था कि स्वामी विवेकानंद नगर निगम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पूर्व में पदस्थ सभी शिक्षकों को उसी विद्यालय में पुनः पदस्थ किया जाए क्योंकि अपने विद्यालय में अतिशेष हैं । किंतु जिला शिक्षा अधिकारी ने संगठन की मांग को दरकिनार करते हुए अपने चहेतों को संलग्न किया जो युक्तियुक्तकरण के समय तीन जून तक संलग्न थे और चार जून को सभी संलग्न शिक्षकों को युक्तियुक्तकरण के तहत पदस्थ कर दिया गया है।

अन्यत्र पदस्थ शिक्षकों को हिंदी माध्यम विद्यालय में पदस्थ किया जाए। स्वामी विवेकानंद नगर निगम के वे शिक्षक जो अन्यत्र पदस्थ कर दिए गए थे उन्हें युक्तियुक्तकरण में अतिशेष की श्रेणी में डालकर कुछ को बस्तर जिले से बाहर और कुछ को संभाग से बाहर पदस्थ कर दिया गया है जिससे शिक्षक परेशान हैं। कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर यह मांग की गई है कि स्वामी विवेकानंद नगर निगम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पूर्व में पदस्थ शिक्षक एवं व्याख्याताओं को हिंदी माध्यम विद्यालय में पदस्थ किया जाए।

# शाला त्यागी, अनुपस्थित, अनियमित व अप्रवेशित बच्चों को शिक्षा से जोड़ने निकाली रैली

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा**



विकासखण्ड दरभा अंतर्गत संकुल केंद्र छिंदबहार एवं संकुल केंद्र ककनार के विभिन्न स्कूलों में संकुल प्राचार्य बुधराम कश्यप के मार्गदर्शन में संकुल छिंदबहार व ककनार के समस्त प्राथमिक शाला, पूर्व माध्यमिक शाला व हायर सेकेंडरी स्कूल के शाला त्यागी, अनुपस्थित, अनियमित व अप्रवेशित छात्र- छात्राओं को शिक्षा के मुख्यधारा शाला से जोड़ने, नियमित करने हेतु घर- घर पहुंचकर पालकों से संपर्क कर बच्चों को नियमित स्कूल भेजने हेतु प्रेरित किया गया। शिक्षा के महत्व को समझाकर समझ विकसित करने पर बहुत से पाकल व बच्चे के द्वारा स्कूल आने के लिए सहमति दी गई है। इस दौरान ग्राम पंचायत छिंदबहार के सरपंच सोनधर कश्यप उपसरपंच वीर सिंह नाग, संकुल प्राचार्य बुधराम कश्यप, संकुल समन्वयक रामधर मौर्य, व्याख्याता लुदरसन कश्यप, प्रधान अध्यापक सुकूराम बघेल, कृष्णा दास बजरु राम नेताम रोशन झा, रामनाथ कश्यप, पवन कुमार, दुर्गाचरण यादव, कृष्ण दास,विवियन रावले, नोहर सिंह सलाम, कुन्ती नेताम, मोनिका खलको, सुरेन्द्र बघेल, रमेश, महेश, शाला प्रबंधन समिति सदस्य, पालक , ग्रामीणजन तथा समस्त संस्थाओं के शिक्षक, शिक्षिकाएं आदि उपस्थित थे।

# बच्चे देश का भविष्य हैं और शिक्षा ही सशक्त समाज की नींव : केदार

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर**



बस्तर विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भानपुरी के शाला प्रांगण में खंड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन स्कूल शिक्षा विभाग, विकासखंड बस्तर के तत्वावधान में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ।

■ **भानपुरी में मनाया गया शालाप्रवेशोत्सव**

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन के वन एवं जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। उनके साथ जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप एवं जनपद अध्यक्ष संतोष बघेल ने विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहकर अपने प्रेरणादायक उद्बोधन से विद्यार्थियों, पालकों एवं शिक्षकों को मार्गदर्शन प्रदान किया।

अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं और शिक्षा ही सशक्त समाज की नींव है। उन्होंने शिक्षा को समाज की धूरी बताते हुए बच्चों को निरंतर अध्ययन के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर नवप्रवेशी विद्यार्थियों का पारंपरिक रूप से तिलक व चंदन लगाकर स्वागत किया गया तथा उन्हें पुस्तकें, गणवेश और स्कूल बैग प्रदान किए गए। विद्यालय प्रांगण में बच्चों और अभिभावकों के चेहरों पर उत्साह और प्रसन्नता स्पष्ट रूप से झलक रही थी। प्रवेशोत्सव में जनपद उपाध्यक्ष जयबती कश्यप, जिला पंचायत सदस्य निर्देश दिवान,

शकुंतला कश्यप, मंडल अध्यक्ष प्रवीण सांखला, पूर्व जिलाध्यक्ष रूपसिंह मंडावी, जनपद सदस्य,जमुना ठाकुर, गौरव कश्यप, रायधर दिवान, मंगली कश्यप, सरपंच संध्या कश्यप समेत खंड शिक्षा अधिकारी भारती देवांगन, खंड स्त्रोत समन्वयक अजम्बर कोर्राम एवं सहायक खंड शिक्षा अधिकारी सुशील तिवारी शामिल थे। संचालन अनुविभागीय अधिकारी ऋषिकेश तिवारी ने किया।

# बच्चों को बांटे गए प्रमाण पत्र और पुस्तकें

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा**



बास्तानार विकासखण्ड में विकास खण्ड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन बड़े ही उत्साहपूर्वक किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधायक विनायक गोयल सहित जनप्रतिनिधियों और

■ **हर्षोल्लास से मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव**

अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के दौरान शैक्षणिक गतिविधियों में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं स्कूल पुस्तकें प्रदान की गईं। बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए अतिथियों ने उन्हें मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। विधायक विनायक गोयल ने अपने संबोधन में कहा, शिक्षा केवल ज्ञान देने का माध्यम नहीं, बल्कि समाज को संवारने की नींव है।

उन्होंने इस बात पर बल दिया कि सरकार बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और समुचित संसाधन उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। कार्यक्रम में अभिभावकों, शिक्षकों और स्कूली बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर बालकों के सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने भी सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर चित्रकोट विधायक विनायक गोयल , जिला पंचायत उपाध्यक्ष बलदेव मण्डावी, जनपद अध्यक्ष महावती मण्डावी , उपाध्यक्ष विनोद कुहरामी, रितेश दास जोशी , मनकु पोडियाम, मण्डल अध्यक्ष सुनील कुहरामी, संतोष ठाकुर, बुधरू पोडियाम, बामन राम वेट्टी, सुश्री रंगबती कश्यप, विमल पाण्डेय, मनोज ठाकुर, शिव सूर्यवंशी ममता कश्यप एवं अन्य जनप्रतिनिधि कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

# माटवाड़ा शिविर में ग्रामीणों को मिला योजनाओं का लाभ

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर**



बीजापुर जिले के अंतर्गत भैरमगढ़ तहसील के माटवाड़ा ग्राम पंचायत में आयोजित विकास शिविर में बारिश के बावजूद भी ग्रामीणों में त्साह देखने को मिला। प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं का लाभ कई लोगों को प्रदान किया गया।

शिविर में आयुष्मान भारत योजना के तहत 10 नए और 30 पुराने आयुष्मान कार्डों का वितरण किया गया। इसके अलावा, 3 जाति प्रमाण पत्र और 3 निवास प्रमाण पत्र भी जारी किया गया।

स्वास्थ्य विभाग की ओर से 45 लोगों का सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण एवं 21 लोगों का सिकल सेल एनीमिया टेस्ट भी किया गया। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत तीन महिलाओं को आर्थिक लाभ प्रदान किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा तीन महिला स्व सहायता समूहों को कुल 9.00 लाख रुपये का ऋण वितरित किया गया, जिससे समूहों को आजीविका के नए अवसर मिलेंगे।

एक आंगनबाड़ी केंद्र को पोषण वाटिका योजना के तहत लाभान्वित किया गया, जिससे स्थानीय स्तर पर पोषण युक्त आहार उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा।

इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
प. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)



प्रवेश योग्यता :
बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय
नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण
(शासन के नियम अनुसार स्कॉलरशिप की सुविधा)

TEAM CREATIVE

भारत इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
ग्राम-दानीटोला, पोस्ट-भैसबोड़
तहसील-डौंडी, जिला-बालोद (छ.ग.)
8349196676, 9300752200

**खबर संक्षेप**

### नगरनार स्टील लिमिटेड के चार महाप्रबंधक बने मुख्य महाप्रबंधक



**जगदलपुर।** स्टील प्लांट नगरनार की सफलता की कहानी में योगदान देने वाले चार महाप्रबंधकों को मुख्य महाप्रबंधक के पद पर पदोन्नत किया गया है। इनमें जीआर दिनेश, महाप्रबंधक विद्युत ,जयेश पटेल, महाप्रबंधक वाणिज्यिक, के. विजय भास्कर, महाप्रबंधक सामग्री तथा अमृत नारायण , महाप्रबंधक धातुकर्म शामिल हैं।

### वार्षिक आमसभा आज

**जगदलपुर।** श्री गुरुनानक पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल की वार्षिक आमसभा रविवार 29 जून को आहूत की गई है। उक्तशय की जानकारी देते अध्यक्ष मंजीत सिंह गैदू ने कहा कि सभी सदस्यों से इस बैठक में उपस्थित होने की अपील की गई है। आमसभा की बैठक संजय मार्केट स्थित श्री गुरुनानक पब्लिक स्कूल परिसर में संध्या 3:30 बजे से शुरू होगी।

### बढ़ते धार्मिक कट्टरपंथ पर चुप्पी चिंता का विषय

**जगदलपुर।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी समीर खान ने मीडिया को जारी बयान में कहा कि बस्तर में मूल निवासियों के साथ हो



रहा अन्याय और धार्मिक कट्टरपंथियों का बढ़ता आतंक लोकतंत्र के मूल सिद्धांतों पर सीधा हमला है। हाईकोर्ट के स्पष्ट आदेशों के बावजूद,बस्तर में मूल निवासियों को उनके परिजनों को उनकी परंपरागत रीति-रिवाज के अनुसार दफनाने से रोका जा रहा है। यह स्थिति न केवल मानवाधिकारों का उल्लंघन है, बल्कि संविधान के मूल अधिकारों की अवहेलना भी है। आप नेता के कहा आज बस्तर की सड़कों पर डेड बॉडी के साथ बैठे परिवार और उनका दर्द इस बात का प्रमाण है कि शासन और प्रशासन पूरी तरह से विफल हो चुका है। डबल इंजन की सरकार केंद्र और राज्य दोनों में भाजपा की सरकार होने के बावजूद, जनप्रतिनिधि पूरी तरह खामोश हैं।

### सड़क सुरक्षा से संबंधित मुद्दों पर हुई चर्चा



**जगदलपुर।** सांसद महेश कश्यप की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में किया गया। सड़क सुरक्षा से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की गई और ट्रैफ़िक समस्या के समाधान हेतु कई प्रस्ताव को स्वीकृत किया गया। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप, नगर निगम के सभापति खेम देवांगन, कलेक्टर हरिस एस, सीईओ जिला पंचायत प्रतीक जैन सहित समिति के सदस्य उपस्थित थे।

# मोर गांव मोर पानी अभियान से जल संरक्षण की मिसाल कायम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

जल संकट से जूझ रहे ग्रामीण इलाकों में राहत पहुंचाने की दिशा में दंतेवाड़ा जिले ने मोर गांव मोर पानी महा अभियान के तहत उपलब्धि हासिल की है। यह शासन की एक महत्वाकांक्षी पहल है जिसका उद्देश्य जल संरक्षण और वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देना है। कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत के मार्गदर्शन में इस अभियान में आधुनिक जीआईएस आधारित रिज टू वैली अप्रोच अपनाते हुए 2,965 जल संरचनाओं का चयन किया गया है, जो जल प्रबंधन के क्षेत्र में जिले की दूरदर्शी सोच को दर्शाता है। इस अभियान का उद्देश्य जल संरक्षण के प्रति समुदाय को जागरूक एवं सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरित करना है। लोगों को पानी का महत्व को समझाते हुए भूजल संवर्धन में सहभागी बनने हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस क्रम में नरेगा के तहत गैबियन स्ट्रक्चर, कंटूर ट्रेंच स्टोन चेक डेम वृक्षारोपण आदि कार्यों का क्रियान्वयन किया जा रहा है। जिसे जिले में पर्यावरण संरक्षण एवं जल प्रबंधन को सशक्त आधार मिलेगा।

## पर्यावरण संरक्षण एवं जल प्रबंधन को मिला आधार



### 15 दिन में पूरा करने का लक्ष्य

जिले में अब तक 1,751 कम लागत वाली तथा 71 उच्च लागत की जल संरचनाएं मनरेगा के अंतर्गत निर्मित की जा चुकी हैं, जिन पर कुल 450.04 लाख का व्यय हुआ है। इसके अतिरिक्त, 402 नई जल संरचनाओं का लक्ष्य निर्धारित किया गया है और इनका निर्माण कार्य जोरों पर है, जिन्हें अगले 15 दिनों के भीतर पूर्ण कर लेने का लक्ष्य रखा गया है। यह सभी प्रयास वर्षा ऋतु से पहले पूरे किए जा रहे हैं ताकि अधिकतम वर्षा जल का संचयन किया जा सके और ग्रामीण क्षेत्रों को दीर्घकालीन लाभ मिल सके। जल संरचनाओं पर निर्माण कार्य के तहत लूज बोल्डर चेक डेम, मिट्टी के बांध, गैबियन स्ट्रक्चर, फेरोसिमेंट टेंक, आरसीसी संरचनाएं, जल निकासी उपचार के विविध उपाय शामिल किए गये है।

### जनभागीदारी से जन आंदोलन की ओर

जन सहभागिता इस अभियान की सफलता का मूल मंत्र है। इसके अंतर्गत जल संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए रैलियों, प्रशिक्षणों, दीवार लेखन, जल शपथ जैसे कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। युवाओं को जल सेना के रूप में संगठित किया गया जो निर्माण कार्यों में सहयोग कर रहे हैं। साथ ही, मनरेगा के तहत स्थानीय ग्रामीणों को रोजगार देकर निर्माण कार्यों को तेजी से अंजाम दिया जा रहा है। यह अभियान केवल संरचनाओं के निर्माण तक सीमित नहीं है। इसके बहुउद्देशीय लक्ष्य जैसे मृदा स्वास्थ्य में सुधार, मछली पालन, कृषि और बागवानी को बढ़ावा, प्रवासन की रोकथाम, रसोई बागवानी एवं बहुफसली खेती को प्रोत्साहन देना तय किए गए है।

## युवाओं की अनिश्चितकालीन धरना तीसरे दिन भी जारी

# स्थानीय भर्ती की मांग को लेकर संयुक्त पंचायत दंतेवाड़ा को कांग्रेस का समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरन्दुल



दंतेवाड़ा, सुकमा और बीजापुर जिलों के आदिवासी ग्रामीणों ने गुरुवार सुबह से एनएमडीसी की किरंदुल और बचेली परियोजना के चेक पोस्ट में अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया है। स्थानीय मुद्दों को लेकर लगातार धरना का तीसरा दिन भी जारी है। संयुक्त पंचायत-दंतेवाड़ा जिसका छत्तीसगढ़ कांग्रेस पार्टी समर्थन दे रहा। स

- **स्थानीय मुद्दों को लेकर लगातार केंद्र सरकार व राज्य सरकार के खिलाफ कांग्रेस का हल्ला बोल**

थानीय मुद्दों को लेकर कांग्रेस केंद्रे व राज्य सरकार की गलत नीतियों का विरोध कर रही हैं। कांग्रेस युवाओं, ग्रामीणों के हक की लड़ाई सरकार से लड़ती आ रहीं है। प्रदर्शन कर रही ग्रामीणों की मुख्य मांग है कि एनएमडीसी स्थानीय युवाओं को एल-1, एल-2 की भर्ती प्रक्रिया में प्रभावित तीनों जिलों दन्तेवाड़ा, बीजापूर व सुकमा के सभी वर्गों एसटी, एससी, ओबीसी और जनरल के स्थानीय युवाओं को समुचित अवसर दिया जाए ताकि सामाजिक समरसता एवं न्याय की भावना बनी रहे। एल-1, एल-2 की परीक्षा पूर्व की भांती ओएमआर सीट पर आधारित हो। जिससे यह पारदर्शीता निष्पक्ष एवं तकनीकी त्रुटियों से मुक्त रहें। एल-1, एल-2 श्रेणी के पदों हेतु यह विशेष व्यवस्था की जाए कि दन्तेवाड़ा, सुकमा एवं बीजापूर जिलों के अभ्यर्थी किरन्दुल एवं बचेली दोनों प्रोजेक्ट में आवेदन कर सकें। यह सुविधा केवल स्थानीय तीनों जिला के अभ्यर्थियों को दी जाए ताकी अधिक से अधिक स्थानीय भागीदारी सुनिश्चित हो सके।

वर्ष 2020-22 के कोविड महामारी काल में रेलवे विभाग द्वारा भर्ती प्रक्रिया में अभ्यार्थियों को 3 वर्ष की अतिरिक्त आयु सीमा छुट प्रदान की गई थी उसी प्रकार की विशेष छुट वर्तमान में एनएमडीसी की भर्ती में भी दी जानी चाहिए जिससे कोविड के कारण वंचित रहे दन्तेवाड़ा, सुकमा एवं बीजापुर के बेरोजगार पुनः अवसर प्राप्त कर सकें। सयुक्त पंचायत के सभी कार्यकर्ताओं, ग्रामीणों के साथ इस आंदोलन में कांग्रेस पार्टी शामिल है। जो मांग को लेकर दृढ़ संकल्पित हैं। जिला अध्यक्ष अवधेश गौतम ने कहा कि खनन के कारण उनकी जमीन और पर्यावरण को नुकसान पहुंचा है। 995 पदों की घोषणा की थी ये जो भर्ती हो रही है इससे रद्द कर और फिर से नई भर्ती कर और स्थानीय युवाओं को पहली प्राथमिकता दिया जाए। जिला पंचायत सदस्य सुलोचना कर्मा कहा कि बाहरी उम्मीदवारों को प्राथमिकता नहीं दिया जाए, खनन गतिविधियों से प्रभावित स्थानीय लोगों को रोजगार मिलना चाहिए। इस दौरान पूर्व विधायक देवती महेन्द्र कर्मा, कोपा कुंजम, सलीम राजा उस्मानी, प्रवीण राणा, विमल सालम, सुमित्रा सोरी, इंदिरा शर्मा, इंदिरा, ठाकुर, पूजा साव, शंकर कुंजम, मीनल राय, राजेंद्र कौर राय, विप्लव मल्लिक, रविश सुराना, आसिफ राजा, अविनाश सरकार, मनोज साहा, भीम सैन मंडावी, राजकुमार जायसवाल, धीरू नाग, वीरू ठाकुर, नंदा कुंजम, राजू भास्कर, राजू कुंजम, दंतीश कुमार अनेक लोग उपस्थित थे।

## नवप्रवेशी छात्रों का हुआ स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के आदेशानुसार शुक्रवार को सुकमा जिले के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झापरा में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती की पूजा-अर्चना से हुई, जिसमें मुख्य अतिथि जनप्रतिनिधि धनीराम बारसे विशेष रूप से उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथियों द्वारा नवप्रवेशी एवं शाला त्यागी विद्यार्थियों का तिलक कर, मुकुट पहनाकर तथा गणवेश एवं पाठ्यपुस्तकों का वितरण कर आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एपीसी समग्र शिक्षा सुकमा सीताराम सिंह राणा ने की। अपने उद्बोधन में उन्होंने स्कूल शिक्षा विभाग की उपलब्धियों और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी तथा पालकों और बच्चों से शिक्षा को बढ़ावा देने का विशेष अनुरोध किया। विशेष अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य माड़े बारसे ने पालकों से आह्वान किया कि वे बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें। जनपद पंचायत सदस्य आयताराम मंडावी ने बच्चों को अनुशासन, नैतिक शिक्षा और योग की जानकारी दी। ग्राम झापरा की सरपंच मुन्नी मड़कामी ने पालकों से शत-प्रतिशत नामांकन और उपस्थिति सुनिश्चित करने का अनुरोध किया।

मुख्य अतिथि धनीराम बारसे ने अपने संबोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ शासनकाल में नवोदय विद्यालय, डीएवी, एकलव्य विद्यालय, आईटीआई व पॉलिटेक्निक कॉलेज जैसे संस्थानों की स्थापना से शिक्षा के क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर खुले हैं। उन्होंने ग्राम झापरा से चयनित डॉक्टर, इंजीनियर और प्रशासनिक सेवाओं में कार्यरत अधिकारियों के माता-पिता को नमन करते हुए कहा कि उन्होंने विषम परिस्थितियों में भी बच्चों को उच्च पदों तक पहुँचाया। प्राचार्य बीएन कुदराम के नेतृत्व की सराहना करते हुए उन्हें और समस्त स्टाफ को बेहतर शैक्षणिक परिणामों के लिए बधाई दी गई।

साथ ही, एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत बच्चों को वृक्षारोपण करने और उसकी देखभाल करने की प्रेरणा दी गई।

# 200 विद्यार्थियों के लिए तीन शिक्षक तैनात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बकावंड



कुछ साल पहले एक फिल्म आई थी तारे जमीं पर। यह फिल्म एक एबनॉर्मल बच्चे पर आधारित थी, जिसे घर परिवार से दूर एक आवासीय स्कूल में उसके माता पिता ने दाखिला दिला दिया था। मगर यहां तो घर के पास उत्कृष्ट स्कूल रहते हुए भी तारापुर गांव के नन्हे मुन्ने सितारों को दमकने का अवसर नहीं मिल पा रहा है। इससे लगने लगा है कि तारापुर के सितारे जमीं पर ही रह जाएंगे, वे कभी आसमान की शान नहीं बन पाएंगे।

बकावंड विकासखंड की ब्लाक ग्राम पंचायत तारापुर में शासन ने पीएम श्री स्कूल तो खोल दिया है, मगर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट वाले इस स्कूल को वह सुविधाएं नहीं मिल पाई हैं, जिसका वह हकदार है।तारापुर के पीएम श्री स्कूल में कक्षा पहली से पांचवी तक कुल 200 बच्चों का दाखिला हो चुका है और अभी भर्ती चालू है। दर्ज संख्या का आंकड़ा 300 तक पहुंच सकता है, मगर यहां केवल 3 ही शिक्षक हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि 300 बच्चों को महज तीन शिक्षक आखिर किस तरह पढ़ा पाएंगे, इस स्कूल की स्थापना वर्ष 1949 में हुई थी और इसे पीएम श्री स्कूल का दर्जा हाल ही में मिला है। दर्जा तो बढ़ा दिया गया मगर स्कूल में और शिक्षकों की अब तक व्यवस्था नहीं की गई है। सहायक शिक्षक चद्रभव सिंह ने बताया कि स्कूल में 4 चार शिक्षकों की मांग पालक कर रहे हैं। अभी यहां केवल एक ही पंचायत के बच्चों का दाखिला हुआ है और दर्ज संख्या 200 को पार कर चुकी है। ग्राम पंचायत तारापुर की सरपंच आसमती कश्यप, उप सरपंच श्याम भाई पटेल, पंच नवीना, कमल नेताम, शंकर भारती, प्रभु कश्यप, भगतवती, क्षेत्र क्रमांक 21 के जनपद सदय सुभरना नेताम ने कहा है कि महज तीन शिक्षकों के भरोसे इतने सारे बच्चों की पढ़ाई हरगिज मुमकिन नहीं है। यहां कम से कम छह शिक्षक नियुक्त किए जाने की जरूरत है। अगर शिक्षकों की नियुक्ति नहीं की जाती है तो तारापुर के सितारे उभर नहीं पाएंगे।

**एसपी ने किया प्रमाण पत्र का वितरण**

# 30 आत्मसमर्पित नक्सलियों को दिया गया राज मिस्त्री का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा



छत्तीसगढ़ सरकार की नक्सल पुनर्वास नीति के तहत नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में आत्मसमर्पित नक्सलियों के लिए सुनहरे भविष्य की राह तैयार की किया जा रहा है। इसी कड़ी में सुकमा जिले में पुनर्वास केंद्र में निवासरत 30 आत्मसमर्पित नक्सलियों को राज मिस्त्री का प्रशिक्षण दिया गया।

- **समाज की मुख्य धारा से जोड़ने जिला प्रशासन की अभिनव पहल**

यह पहल कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन और एसपी किरण चव्हाण के मार्गदर्शन में प्रारंभ की गई है। सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूरा करने के बाद सभी लाभार्थियों को एसपी श्री किरण चव्हाण ने कार्यालय में प्रमाण पत्र प्रदान किया। राज्य सरकार ने पहले ही यह घोषणा की थी कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए पुनर्वास केंद्र में रखकर उनके कौशल विकास और रोजगार के अवसर सुनिश्चित किए जाएंगे। इस योजना से नक्सली गतिविधियों से दूरी बनाने वालों को न केवल सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर मिलेगा, बल्कि उनके परिवारों को आजीविका के साधन भी उपलब्ध होंगे।

### शांति और विकास की राह में सम्मानजनक पहल

लाइवलीहूड कालेज के तत्वाधान में आरसेटी के तहत चलने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम में आत्मसमर्पित नक्सलियों को समाज की मुख्यधारा में शामिल होने की दिशा में यह एक अहम प्रयास माना जा रहा है। प्रशासन का मानना है कि इस तरह की योजनाएं बाकी सक्रिय नक्सलियों को भी हिंसा का रास्ता छोड़कर समाज की मुख्यधारा में लौटने के लिए प्रेरित करेगी।

### जीवन की नई शुरुवात और उम्मीद की किरण

प्रशिक्षण हासिल करने वाले सभी आत्मसमर्पितों को एसपी चव्हाण के द्वारा प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। प्रमाण पत्र पाकर प्रशिक्षित युवाओं में आत्मविश्वास साफ नजर आया। प्रशासन ने भरोसा जताया कि इस पहल से न सिर्फ उनका भविष्य सवंरेगा बल्कि सुकमा में स्थायी शांति और स्वरोजगार स्थापित करने में मदद मिलेगी।

# केवरामुंडा स्कूल में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शासकीय हाई स्कूल केवरामुंडा जगदलपुर में दिनांक 26 जून को शाला प्रवेश उत्सव एवं एसएमडीसी बैठक का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में एसएमडीसी अध्यक्ष आशुतोष पाल एवं सदस्य शैलेश श्रीवास्तव, पूर्व प्राचार्या पार्वती सोनी, व्याख्याता जगदीश मौर्य, जीआर सोनी के उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रार्थना एवं दीप प्रज्वलन से किया गया। नव प्रवेशित कक्षा 9वीं के छात्र-छात्राओं को तिलक लगा कर एवं मिठाई खिला कर पुस्तक वितरण किया गया। कक्षा 10वीं में उत्तीर्ण प्रथम, द्वितीय और तृतीय बच्चों को अंकसूची एवं पुरस्कार वितरण भी किया गया। पाल ने अपने अनुभव एवं पुराने समय में हम लोग कैसे प्रवेश उत्सव मनाते थे इसके महत्व के बारे में जानकारी देते हुये बच्चों को अपने जीवन में विशेष स्थान प्राप्त करने हेतु शुभकामनाएं दीं। शैलेश श्रीवास्तव ने अपने शालेय जीवन में समस्याओं से जूझ कर पढाई में आगे बढ़ते हुए अपने परिवार, शिक्षक एवं समाज का नाम रोशन करने हेतु प्रेरित करते हुए उज्वल भविष्य की कामना की। शाला के प्राचार्य बालकृष्ण श्रीवास्तव के द्वारा सत्र 2024-25 में कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम एवं शाला का वार्षिक प्रतिवेदन आमंत्रित अतिथियों के समक्ष रखते हुए आभार प्रदर्शन किया।

# बैठक में पेंशनरों की समस्याओं एवं मांगों पर हुआ गहन विचार-विमर्श

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के राष्ट्रीय कार्य समिति की बैठक जो कि महाराष्ट्र प्रांत के नासिक में राष्ट्रीय अध्यक्ष सीएच सुरेश की अध्यक्षता में सफलता पूर्वक संपन्न हुई। उक्त बैठक में विभिन्न प्रांतों के राष्ट्रीय पदाधिकारी सम्मिलित होकर संगठन की स्थिति एवं पेंशनरों की समस्याओं पर अपने विचार रखे। बस्तर संभाग से आरएन ताटी ने छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश के पेंशनरों के महंगाई राहत के मार्ग में रोडा बने मध्यप्रदेश पुनर्गठन की धारा 49(6) के विलोपन संबंधी पुरजोर मांग कार्यसमिति की बैठक में रखी । बस्तर में अब तक इस संबंध में संगठन के द्वारा किए गए प्रयास की चर्चा भी की गई। संगठन के द्वारा इस के लिए अब तक किए गए कार्य को नकाफी बताते हुए ताटी ने यह सुझाव दिया कि संगठन को इस दिशा में कारगर कदम उठाते हुए मानसून सत्र के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष सीएच सुरेश के नेतृत्व में संगठन के प्रमुख पदाधिकारियों को दिल्ली जाकर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से भेंट कर पेंशनरों के हित में उक्त धारा को विलोपित करने के लिए आवश्यक कार्यवाही करते हुए मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ दोनों प्रांतों के पेंशनरों को उक्त धारा से निजात निजात दिलाने का आग्रह किया जाना चाहिए।







